कार्यवृत्त

सोमवार, 10 फाल्गुन, शक संवत्, 1942
(दिनांक : 01 मार्च, 2021)

खण्ड–59

अंक–1

विधान सभा का कार्य सभा मण्डप, भराडीसैंण (गैरसैंण) में दिन के 03:00 बजे श्री अध्यक्ष की अध्यक्षता में राष्ट्रीय गीत ''वन्दे मातरम्'' के साथ आरम्भ हुआ।

श्री अध्यक्ष द्वारा माननीय राज्यपाल के अभिभाषण के प्रथम एवं अन्तिम अंश को पढ़कर सुनाया गया।

श्री अध्यक्ष ने सूचित किया कि कार्यमंत्रणा समिति ने दिनांक 28 फरवरी, 2021 की बैठक में दिनांक 01 मार्च, 2021 से दिनांक 04 मार्च, 2021 तक के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है:–

<u>मार्च, 2021</u>

01	सोमवार	श्री अध्यक्ष द्वारा माननीय राज्यपाल के अभिभाषण का पाठ। (अपराह्न 03:00 बजे)
02	मंगलवार	धन्यवाद प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा।
03	बुधवार	(1) धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा एवं पारण। (2) विधायी कार्य।
04	गुरूवार	(1) वित्तीय वर्ष 2021–22 के आय–व्ययक का प्रस्तुतीकरण। (3) विधायी कार्य।

संसदीय कार्य मंत्री ने प्रस्ताव किया कि यह सदन कार्य–मंत्रणा समिति की सिफारिश, जिसकी सूचना माननीय अध्यक्ष द्वारा सदन को दी गई है, से सहमत है। प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

सदन की कार्यवाही 03 बजकर 10 मिनट पर अगले दिन 11:00 बजे तक के लिये स्थगित हुई।

मुकेश सिंघल,
सचिव (प्रभारी),
विधान सभा।

स्वीकृत,

प्रेम चन्द अग्रवाल,
अध्यक्ष,
विधान सभा।